# ...यालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉं जिला बून्दी(राज0)

...पत्र संख्या :210 / 2020 — दायर दिनांक: 04.12.2020

CMS NO:- 2020/00395

पीठासीन अधिकारी :–श्योराम (आर.ए.एस.)

1. कस्तूरा आ0 नारायण जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।

–प्रार्थी

**बनाम**

1. कमलेशी पत्नी शोराम जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. सोहनी पत्नी रामभज जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. रामकन्या पत्नी गिरिराज जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. सीताराम आ0 सुखा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. घासी आ0 सुखा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
6. फूमा बेवा सुखा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
7. सोहनलाल आ0 मांग्या बालिग जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
8. कल्याण आ0 केसरा बालिग जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
9. रामभज्ज आ0 केसरा बालिग जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
10. गिरिराज आ0 केसरा बालिग जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
11. शोराम आ0 केसरा बालिग जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
12. राजू आ0 बजरंगा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
13. हरिकेश आ0 बजरंगा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
14. हीराबाई पत्नी बजरंगा जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
15. महावीर आ0 भंवरलाल जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
16. पाली बाई पत्नी भंवरलाल जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
17. बाबू आ0 मिश्रया जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
18. नन्दा आ0 रामकिशन जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
19. मनराज आ0 रामकिशन जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
20. पुष्पा पत्नी रामकिशन जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
21. प्रभू आ. कवरियां जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
22. मोती आ0 कवरियां जाति मीणा निवासी ग्राम देवरियां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
23. श्रीमान तहसीलदार साहब, तहसील नैनवां जिला बून्दी।

—प्रत्यार्थीगण

**वाद पत्रः– अंतर्गत धारा 251 ए आर.टी एक्ट**

**उपस्थिति–**

**प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण**

**निर्णय दिनांक 26.10.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम देवरियां पटवार मण्डल डोकून तहसील नैनवां में खाता संख्या 15 की कृषि भूमि खसरा संख्या 110 रकबा 08 बीघा 02 बिस्वा भूमि प्रार्थी के आधिपत्य एवं खातेदारी कृषि भूमि है । यह कि प्रार्थी की भूमि में जाने का कदीमी रास्ता खसरा संख्या 170 मे से होकर खसरा संख्या 153,149,141,142,112, की पश्चिमी मेरों के सहारे–सहारे होकर प्रार्थी के

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:19:04 IST
Reason: SelfAttested

खेत मे पहुंचता है। जिसका उपयोग व उपभोग प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण सदैव से करते चले आ यह कि उक्त रास्ते के अलावा प्रार्थी के खाते की जमीन पर आने जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं यह कि अप्रार्थीगण द्वारा उक्त रास्ते मे अवरोध उत्पन्न करने के कारण रास्ते को राजस्व रिकार्ड मे दर्ज करवाने के लिए प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थीगण को अपने खाते की भूमि पर आने जाने व कृषि उपज लाने ले जाने के लिऐ 13 फिट चौडा रास्ता दिलाया जाना आवश्यक है। जिसकी राशि प्रार्थीगण नियमानुसार जमा करवाने को तैयार है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन मे परिशिष्ट "क" ,नकल जमाबंदी, नकल नक्शा ट्रेस तथा शपथ–पत्र आदि पेश किये।

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध मे तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसके अनुसार खसरा नम्बर 109, 110 में जाने के लिए प्रस्तावित रास्ता खसरा नम्बर 141,142,112,153 की पश्चिमी मेर के सहारे सहारे संलग्न नक्शा ट्रेस के अनुसार देना उचित होगा जिसमें निम्नानुसार भूमि रास्ते के उपयोग मे आयेगी–

| खसरा संख्या | लम्बाई x चौडाई | वर्गफिट क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. 153 गै0मु0 खलियान | 132 X 13 | 1716 |
| 2. 141 खातेदारी | 99 X 13 | 1287 |
| 3. 142 खातेदारी | 297 X 13 | 3861 |
| 4. 112 खातेदारी | 423 X 13 | 5499 |

उक्त रास्ते के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकॉर्ड दस्तावेज एवं रास्ता रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां का अवलोकन किया। पत्रावली प्रशासन गांवों के संग अभियान केम्प कोर्ट डोकून में पेश हुई। उपस्थित पक्षकारान की प्रार्थना पत्र में बहस सुनी गयी। प्रार्थीगण को रास्ता दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। तहसीलदार नैनवां ने भी अपने जवाब/रिपोर्ट में प्रार्थीगण को प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस के अनुसार रास्ता दिया जाना उचित बताया है। ग्राम देवरियां पटवार मण्डल डोकून तहसील नैनवां में खाता संख्या 15 की कृषि भूमि खसरा संख्या 110 रकबा 08 बीघा 02 बिस्वा भूमि पर पहुंचने के लिए प्रस्तावित रास्ता खसरा नम्बर 141,142,112,153 की पश्चिमी मेर के सहारे सहारे संलग्न नक्शा ट्रेस के अनुसार, जिसमें निम्नानुसार भूमि रास्ते के उपयोग मे आयेगी को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।

| खसरा संख्या | लम्बाई x चौडाई | वर्गफिट क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. 153 गै0मु0 खलियान | 132 X 13 | 1716 |
| 2. 141 खातेदारी | 99 X 13 | 1287 |
| 3. 142 खातेदारी | 297 X 13 | 3861 |
| 4. 112 खातेदारी | 423 X 13 | 5499 |

प्रस्तावित रास्ता, जिसे परिशिष्ट "अ" में लाल स्याही से अंकित किया गया है, उक्तानुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है, रास्ते के उपयोग में आने वाली खसरा संख्या 153 गै0मु0 खलिहान के रास्ते के उपयोग वाले हिस्से को गै0 मु0 रास्ता दर्ज करने हेतु प्रस्ताव वास्ते अनुमोदन श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बून्दी को प्रेषित किया जावे। प्रस्तावित रास्ते के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। जितनी भूमि रास्ते के उपयोग में आयेगी उतनी भूमि की कीमत का नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जावे। नक्शा परिशिष्ठ को परिशिष्ठ 'अ' नाम दिया गया है जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि बाद अनुमोदन श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बून्दी के मौके पर रास्ता बहाल कर नियमानुसार राजस्व रिकार्ड व राजस्व नक्शे में दर्ज किया जावें। निर्णय आज दिनांक 26.10.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:19:04 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)